वेबसाईट : www.abvp.org
पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 5 फरवरी 2022

**-: प्रेस विज्ञप्ति :-**

## निजी मेडिकल कॉलेजों की 50% सीटों पर सरकारी मेडिकल कॉलेज के अनुसार फ़ीस लेने का निर्णय स्वागतयोग्य: अभाविप

अभाविप की लंबे समय से रही निजी मेडिकल कॉलेज की 50 प्रतिशत सीटों पर सरकारी कॉलेज की फीस पर शिक्षा उपलब्ध करवाने की मांग को NMC द्वारा स्वीकृति दिए जाने का निर्णय स्वागतयोग्य है। इस निर्णय द्वारा, आर्थिक बोझ कम होने से, बड़ी संख्या में समाज के गरीब तबकों से आने वाले छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति में प्रस्तावित NMC के गठन के समय से ही अभाविप की यह माँग थी कि निजी मेडिकल कॉलेज में बढ़ते हुए शुल्क से छात्रों को राहत देने के लिए सरकार आवश्यक कदम उठाए।

मेडिविज़न के राष्ट्रीय संयोजक डॉ वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा, "NMC द्वारा लिया गया, निजी संस्थानों में सरकारी मेडिकल कॉलजों की फीस पर 50% सीटों को आरक्षित करने का ऐतिहासिक निर्णय स्वागतयोग्य है।"

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री निधि त्रिपाठी ने कहा कि “राष्ट्रीय शिक्षा नीति में उल्लेखित लोक हितैषी शिक्षा को साकार करते हुए इस कदम का छात्र समुदाय स्वागत करता है। इससे निश्चित रूप से बड़ी संख्या में छात्रों को चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। इस पहल को आगे बढ़ाते हुए सभी विषयों के छात्रों को राहत दी जानी चाहिए।”

---

**(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री सुमित पाण्डेय द्वारा जारी की गई है।)**